प्रधान मंत्री
आवास योजना–शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban

मिशन निदेशालय
सबके लिए आवास / एस.एल.एन.ए.–सूडा(उ.प्र.)
प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)
23, सैक्टर–7, गोमती नगर विस्तार,
(निकट डायल–100) लखनऊ–226010
website-www.sudaup.org
e-mail-hfaup1@gmail.com

पत्रांकः–11876/01/29/HFA-17/2018–19 दिनांकः–25 मार्च, 2019

अनुस्मारक–प्रथम

आवश्यक/अति महत्वपूर्ण

सेवा में,
समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।

विषयः– **प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण घटक के अन्तर्गत स्वीकृत डीपीआर में अपात्रों की सूचना प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अभिकरण के पत्रांक–11629/01/29/एचएफए–17/2018–19 दिनांक 08 मार्च, 2019 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा स्वीकृत डीपीआर में पाये गये अपात्र लाभार्थियों का विवरण निर्धारित प्रारूप पर कारण दर्शाते हुए एक सप्ताह में उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया था, परन्तु अत्यन्त खेद का विषय है कि उक्त सूचना अभी तक अप्राप्त है।

अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि स्वीकृत डीपीआर में पाये गये अपात्र लाभार्थियों का विवरण निर्धारित प्रारूप पर कारण दर्शाते हुए एक सप्ताह में उपलब्ध कराने के साथ ही साथ संशोधित एनेक्जर (7सी/7डी) तैयार कराकर एवं परियोजना में संशोधन की सूचना निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराने का कष्ट करें। प्रश्नगत सूचना यथाशीघ्र डीपीआर/पीएमसी कन्सलटेन्ट का प्रतिनिधि, अधिशासी अधिकारी, परियोजना अधिकारी के हस्ताक्षर से प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें, जिससे अभ्यर्पण की डीपीआर भारत सरकार द्वारा आयोजित सीएसएमसी बैठक में प्रस्तुत की जा सके।

संलग्नकः–यथोपरि।

भवदीय

25/3/2019

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक (एचएफए)/
निदेशक, सूडा

प्रतिलिपिः–

1. समस्त परियोजना निदेशक, डूडा, उ0प्र0।
2. समस्त परियोजना अधिकारी/सहा0 परि0अधि0 को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार तत्काल विवरण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
3. समस्त डीपीआर/पीएमसी कन्सलटेन्ट्स को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक (एचएफए)/
निदेशक, सूडा

HFA-17/S1